PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

# परिष्कार पत्रिका

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

प्रगति की ओर

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

जरूरी सूचना
यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।
सम्पर्क करें
9314407796

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2021-23 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 22 | अंक 6 | जयपुर : 23 अक्टूबर 2023 से 07 नवम्बर 2023 | RNI No : RJHIN/2002/9810 | वार्षिक सदस्यता 251 रूपए

## कैथलीनों को इनफ्लूअर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया

### सामाजिक सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान के लिए मिला यह सम्मान



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** कैथलीनो आई फाउंडेशन के तत्वावधान में वर्ल्ड साइट डे के अवसर पर दो गांवों के मध्यम रैली का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों की तादाद में छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। कैथलीनों आई फाउंडेशन की विभिन्न गतिविधियों को देखते हुए इनफ्लूअर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड निदेशक जयेश भट्ट ने कैथलीनो आई फाउंडेशन के आठवें संस्करण सैल्यूट टू कलाम अवार्ड समारोह में बिशप जोसफ कल्लाराक्कल और बिशप ओसवाल्ड की उपस्थिति में इनफ्लूअर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर निदेशक जयेश भट्ट ने बताया कि 80 वर्ष से अधिक की आयु में कैथलीनों की सामाजिक सेवाएं और उसके प्रति उनके रूझान को देखते हुए यह सम्मान दिया गया है। इस अवसर पर परिष्कार पत्रिका के संपादक रविसिंह किरार एवं डेंजिल नाजरथ भी मौजूद थे। इस सम्मान के लिए माइकल कैथलीनों ने ईश्वर का धन्यवाद देते हुए सभी का आभार प्रकट किया।

## पात्र वंचित मतदाता 27 अक्टूबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकेंगे

## 7 नवंबर को पूरक सूची सहित अंतिम मतदाता सूची होगी जारी

### मतदाता सेवा पोर्टल अथवा वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से किया जा सकता है ऑनलाइन आवेदन

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** विधानसभा आम चुनाव 2023 को लेकर निर्वाचन विभाग तैयारियों में जुटा हुआ है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 04 अक्टूबर को हो चुका है, लेकिन फिर भी मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित रहे पात्र मतदाता अभी भी 27 अक्टूबर 2023 तक मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते है। मतदाता वोटर लिस्ट में घर बैठे अपना नाम वीएचए एप के माध्यम से चैक कर सकता हैं (एपिक नंबर भर कर) निर्वाचन विभाग द्वारा 7 नवंबर को पूरक सूची सहित अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि विधानसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित पात्र मतदाता 27 अक्टूबर तक भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट मतदाता सेवा पोर्टल अथवा वोटर हेल्पलाइन एप पर जाकर फॉर्म 6 अथवा फॉर्म 8 के तहत अपने आवे. दन कर सकते हैं। अंतिम तिथि 27 अक्टूबर के बाद किए गए आवेदन विधानसभा आम चुनाव 2023 में मतदान के लिए मान्य नहीं होंगे। गुप्ता ने बताया कि प्रवासी भारतीय फॉर्म 6 ए के तहत आवेदन कर मतदाता सूची में शामिल हो कर लोकतंत्र के महापर्व में अपना योगदान दे सकते हैं।

## परिष्कार पत्रिका के शिक्षक दिवस विशेषांक का विमोचन



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राष्ट्र स्तरीय समर्पण समाज गौरव सम्मान 2023 आवार्ड समारोह में मुख्य अतिथि मुरारी लाल मीणा विधायक दौसा एवं राज्य मंत्री और रवि प्रकाश मेहरडा पुलिस महानिदेशक ने परिष्कार पत्रिका के शिक्षक दिवस का विमोचन विमोचन किया। प्रधान सम्पादक हेमलता किरार और न्यूज कॉर्डिनेटर डेंजिल नाजरथ ने परिष्कार पत्रिका की होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारियों से अवगत कराया और आभार प्रकट किया।

## सत्रह बीघा भूमि पर 5 अवैध कॉलोनियों को किया पूर्णतः ध्वस्त

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन–10ए में ईकोलोजिकल जोन में निजी खातेदारी की करीब 17 बीघा कृषि भूमि पर 05 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। जोन–13 में निजी खातेदारी कृषि भूमि पर फार्म हाउस के लिए बनी अवैध बाउण्ड्रीवाल को प्रारंभिक स्तर पर पूर्णतः ध्वस्त एवं जोन–10 में दांतली रोपाड़ा में जेडीए स्वामित्व की 15 बीघा सरकारी भूमि को कब्जा– अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन–10–ए के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन दिल्ली बाई पास ग्राम लालबास जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारीकृषिभूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति–अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''माँ पुष्पा नगर'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों–रात बनाई गई ग्रैवल–मिट्टी की सड़कें, बाउण्ड्रीवाल, मकान का ढाँचा व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन–10–ए के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा– वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जेडीए द्वारा जोन–10–ए के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन दिल्ली बाई पास ग्राम लालबास जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति–अनुमोदन के एवं बिना भू –रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर इमरान नगर के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों –रात बनाई गई ग्रैवल– मिट्टी की सड़कें, डिमार्केशन बाउण्ड्रीवाल, मुड्डियां व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन–10–ए के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा–वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## एक शाम रविन्द्र जैन के नाम समारोह में 60 दृष्टिबाधितों ने मन मोह लिया





**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** निःशक्तजन कल्याण परिषद एवं क्रिएचर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जनोपयोगी भवन शास्त्री नगर जयपुर में प्रसिद्ध संगीत सम्राट रविन्द्र जैन की पुण्य तिथि पर एक शाम रविन्द्र जैन के नाम आयोजित किया गया। कल्याण परिषद के महामंत्री राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में देश के कौने कौने से 60 दृष्टि बाधितों ने अपनी प्रस्तुति देकर श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ सुषमा सिंघवी पूर्व अध्यक्ष राजस्थान संस्कृत अकादमी रही। विशिष्ठ अतिथि नवरतन राजोरिया पूर्व विद्यायक फुलेरा और मोहन मोरवाल पूर्व राज्य मंत्री एवं अध्यक्ष केशकला बोर्ड थे। क्रिएचर फाउंडेशन के अध्यक्ष के एस ढिल्लो ने बताया कि यह कार्यक्रम पिछले पांच वर्षों से लगातार कर रहे हैं। क्रिएचर फाउंडेशन के नितिन सैनी एवं विजय टेमानी तथा कल्याण परिषद के खेमचंद सैन रामकिशोर कुशवहा राधेश्याम सैन ने दृष्टि बाधित कलाकारों का हौंसला बुलंदी की। समारोह में बालीवुड सिंगर मुध भट्ट, नूतन चौहान एवं डॉ प्रतिष्ठा पारी ने अपनी प्रस्तुति से आए हुए दृष्टिबाधितों का हौंसला बढ़ाया। समारोह में दृष्टिबाधित अन्तरराष्ट्रीय कलाकार रमा कुमार लाडनू से आकर अपनी प्रस्तुति दी। सभी प्रतिभागियों का सम्मान माला पहनाकर और शॉल ओढ़कार एवं ट्रेवल बैग देकर किया गया। देश कोने कोने से आए हुए दृष्टिबाधित कलाकारों के ठहरने, भोजन एवं नाश्ता आदि की निःशुल्क व्यवस्था निःशक्तजन कल्याण परिषद के द्वारा की गई।

## नव मतदाताओं ने वीआर के जरीए जानी मतदान प्रक्रिया

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय, जयपुर द्वारा जिले के सभी 19 विधानसभा क्षेत्रों में सघन मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न स्थानों पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदान की अपील की जा रही है। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह के निर्देश पर जयपुर के एस.एस. जैन सुबोध पीजी कॉलेज, कनोड़िया गर्ल्स पीजी कॉलेज एवं झोटवाड़ा रोड़ स्थित एक निजी मॉल में वीआर के जरिये नवमतदाताओं को रोचक तरीके से मतदान प्रक्रिया से रूबरू करवाया गया। जिलास्वीप कॉर्डिनेटर डॉ. स्निग्धा शर्मा ने बताया कि इस मौके पर मैं भारत हूं गीत एवं 25 नवंबर का पहला काम, चलो बूथ करो मतदान जैसे स्लोगन से युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया, साथ ही, सी–विजिल एवं वोटर हेल्पलाइन एप की जानकारी दी गई।

## ग्रेटर आयुक्त ने किया झोटवाड़ा स्थित प्रतिष्ठान का किया निरीक्षण

### प्रतिष्ठान पर की गई कार्यवाही



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त बाबू लाल गोयल के निर्देषानुसार मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं उनकी टीम द्वारा कांटा चौराहा झोटवाड़ा स्थित नारायण स्वीट ज्यूस आइसक्रीम प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया जिसमें मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी को अनियमितताएं मिली। जिसके अंतर्गत लाइसेंस की उपविधियों की पालना नही किये जाने एवं निगम द्वारा दिये गये बार–बार नोटिस के उपरान्त भी लाइसेंस प्राप्त नही करने एवं आमजन से प्राप्त शिकायत के आधार पर नारायण स्वीट ज्यूस आइसक्रीम प्रतिष्ठान का संचालन अनुज्ञा पत्र लाइसेंस नही लेने के कारण नियमानुसार 30 दिवस या आरएमए लाइसेंस प्राप्त करने (जो भी पहले हो) तक के लिये बंदकर दिया गया।

### कैथलीनों आई फाउंडेशन ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

## अवार्ड सेरेमनी में प्राचार्य, अध्यापकों और विद्यार्थियों को दिया सैल्यूट टू कलाम अवार्ड





**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** कस्टेलीनो आई फाउंडेशन के तत्वावधान में सैल्युट टू कलाम अवार्ड का आयोजन जवाहर कला केंद्र में स्थित सभागार में किया गया। अवार्ड सेरेमनी में 50 विद्यालयों के प्राचार्य, 50 अध्यापकों एवं 90 से अधिक विद्यार्थियों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष माईकल कैथलीनों ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिशप जोसफ कल्लाराक्कल, विशिष्ट अतिथि से. नि. डिप्टी डायरेक्टर डीआरडीओ धर्मपाल, बिशप ओसवाल्ड, ललित शर्मा थे। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कैथलीनों ने बताया कि इस आठवें सैल्यूट टू कलाम अवार्ड के लिए 200 से अधिक विद्यालयों, कॉलेज आदि में सल्युट टू कलाम मेगा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें से प्रदेश के 50 विद्यालयों एवं कॉलेजों को सल्युट टू कलाम अवार्ड के लिए चुना गया। जिसमें आकाश इंसिटट्यूट, स्वास्थ्य कल्याण होमियोपैथी मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर, जेईसीआरसी विश्वविद्यालय, जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पूर्णिमा विश्वविद्यालय, सैंट जेवियर स्कूल, सैंट मैरी कॉनवेंट स्कूल, प्रकाश विद्या निकेतन शांति नगर, पाराशर पैरेडाइज विद्यालय, मंजू सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, गायत्री सेकेंडरी स्कूल, मां शारदा पब्लिक स्कूल, संस्कार विद्यालय आदि विद्यालय सहित परिष्कार पत्रिका परिवार शामिल होकर अपनी अवार्ड सेरेमनी में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने सभी प्रिंसिपल व अध्यापकों को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य कल्याण होमियोपैथी मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्चसेंटर की प्राचार्या डॉ योगेश्वरी गुप्ता, प्रो. डॉ राजीव सक्सेना, मंजू पब्लिक विद्यालय के आर. एन. उदेनिया, गायत्री पब्लिक स्कूल से आर. एन. कुवाल, केंद्रीय विद्यालय क्र 4 से अनिल कुमार यादव, सैंट जेवियर स्कूल से फादर संगीथराज, प्रकाश विद्या निकेतन से सिद्धार्थ चौहान, अम्बेडकर विद्यालय से रवि वर्मा आदि पुरुस्कृत होने में शामिल रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले सभी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेमेंटो और गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सभी अतिथियों ने कैथलीनो आई फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित सुविनियर पुस्तक का विमोचन किया जिसमें सभी संस्था प्रधानों के संदेश और फाउंडेशन की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि ने इस कार्यक्रम को अनूठा बताया एवं लोगों को देश की महान अस्तियों को याद करने की सलाह देते हुए भूरी–भूरी प्रशंसा कर अनूठा बताया है। इस कार्यक्रम में कैथलीनो आई फाउंडेशन के अध्यक्ष माईकलन कैथलीनों को उनके सामाजिक योगदान और सेवाओं के लिए इनफ्लूअर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया। जिसमें जयेश भट्ट और महिमा जैन ने कैथलीनों को प्रशस्ति पत्र और मेमेंटों देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में परिष्कार पत्रिका परिवार की ओर से हेमलता किरार, रविसिंह किरार, डेंजिल नाजरथ ने फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष माईकल कैथलीनों को उनके



उत्कृष्ट कार्यों के लिए माला पहनाकर कर, दुपट्टा ओढ़कर और समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कैथलीनो ने सभी अतिथियों और छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मंच संचालन पिंकी ग्रोवर और डायना कौशिक ने किया। कार्यक्रम में मानव से संस्था के कौशल सत्यार्थी, डेंजिल, बृजेश सिन्हा, फादर एंथनीय, सिस्टर लीडिया, विनय शर्मा, रामनारायण कुवाल आदि उपस्थित रहे।

### राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2021

## 6 से 17 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा साक्षात्कार का अंतिम चरण

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा–2021 की मुख्य परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का अंतिम चरण 6 नवंबर से 17 नवंबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार–पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथा समय अपलोड कर दिए जाएंगे। आयोग सचिव ने बताया कि अंतिम चरण में 297 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा।साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण–पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

वे अभ्यर्थी जिन्होंने विस्तृत आवेदन–पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे विस्तृत आवेदन– पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

**प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें -**

**संपादक, परिष्कार पत्रिका,**
रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89, संतोषनगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06
मो : 9314407796, 9351311820
parishkarpatrika@gmail.com

**सेंट माईकल सीनियर सैकंडरी स्कूल**
[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [अंग्रेजी माध्यम]
प्रवेश प्रारंभ
विशेषताएं : न्यूनतम शिक्षण शुल्क, श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।
सुभाष चौक, आमेर रोड़, जयपुर राजस्थान



नोयल डिसिल्वा

PRIME TRACK



शायर सिंह किरार
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.

**Trackon**
**Couriers Pvt. Limited**
अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -
शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

## सम्पादकीय

शारदीय नवरात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं। दुनिया में केवल शक्ति सम्पन्न होने मात्र से ही कोई भी पूज्यनीय और वन्दनीय नहीं बन जाता है अपितु उस शक्ति का सही प्रयोग और समय पर प्रयोग करने वालों को ही युगों–युगों तक स्मरण रखा जाता है। केवल सामर्थवान होना पर्याप्त नहीं है अपितु उस सामर्थ्य को लोक मंगल एवं लोक कल्याण में लगाना ही जीवन की परम श्रेष्ठता एवं सार्थकता है। अथाह शक्ति सम्पन्न होने पर भी माँ दुर्गा ने अपनी सामर्थ्य का प्रयोग कभी भी किसी निर्दोष को दण्डित करने हेतु नहीं किया बल्कि केवल और केवल आसुरी वृत्तियों के नाश के लिए ही किया। शक्ति का गलत दिशा में प्रयोग ही तो पाप है। साधन शक्ति सम्पन्न हो जाने पर कायर बनकर चुप बैठ जाना यह भी एक प्रकार से असुरत्व को बढ़ाने जैसा ही है। अपनी समस्त शक्ति व साधनों को मानवता की रक्षा में लगाने की प्रेरणा हमें माँ जग जननी भगवती से लेनी होगी। तभी हम माँ के पुत्र कहलाने योग्य होंगे। नवरात्रि के माँ के स्वरुप का पूजन व वंदन किया जाता है। दुर्गा दुर्गति नाशिनी अर्थात दुर्गति का नाश कर इस जीव को सदगति प्रदान करने वाली शक्ति का नाम ही दुर्गा है। दुर्गा शक्ति की उत्पत्ति के पीछे भी बहुत से कारण हैं तथापि मुख्यतः जगत जननी माँ जगदम्बा द्वारा दुर्गम नामक असुर का नाश करने के कारण ही उनका नाम दुर्गा पड़ा। दुर्गम अर्थात जिस तक पहुंचना आसान काम नहीं अथवा जिसका नाश करना हमारी सामर्थ्य से बाहर होद्य मनुष्य के भीतर छुपे यह काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे दुर्गुण ही तो दुर्गम असुर हैं जिसका नाश करना आसान तो नहीं मगर माँ की कृपा से इनको जीत पाना कठिन भी नही। नारी के भीतर छुपे स्वाभिमान व सामर्थ्य का प्राकट्य ही दुर्गा है। परम शक्ति सम्पन व परम वन्दनीय होने पर भी जब जब समाज में नारी के प्रति एक तिरस्कृत भाव रखा जाएगा, तब– तब नारी द्वारा अपना शक्ति प्रदर्शन का नाम ही दुर्गा है। नारी शक्तिशाली और शक्ति का प्रतीक है। उसे अबला या दुर्बल कहना गलत होगा। वह कोमल मन के साथ है। ममता और दया का श्रृंगार है। शक्ति ही जीवन और जगत का आधार है। शक्ति के बिना जीवन अधूरा और निष्प्राण हो जाता है। जीवनदायिनी शक्ति की पूजा का पर्व ही नवरात्र है। नवरात्रा के नौ दिनों में माता के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है। ब्रह्म को भी चारण यानि अनुशासित करने वाली शक्ति। ब्रह्म चारिणी का दूसरा अर्थ है जो ब्रह्म में ही विचरण करे जो स्वयं ही ब्रह्म स्वरुप हो जाए। माँ ब्रह्मचारिणी अति सौम्य, सरल, सदा प्रसन्न रहने वाली और कभी भी क्रोध ना करने वाली देवी है। जिस जीवन में विनम्रता, सहजता होगी और पवित्रता होगी, वहाँ ब्रह्म स्वयं आते हैं। क्रोध जीवन की ऊर्जा का ह्रास करता है। क्रोध भय, अशांति, विषाद देता है। क्रोध से अपने लोग भी एक दिन पराये हो जाते हैं। कभी भी क्रोध ना करने के कारण ही देवी ब्रह्म चारिणी शक्ति संपन्न होकर सबको नियंत्रित कर रही हैं। नवरात्रा में कन्या पूजन का बड़ा महत्व है। आज के दौर को देखते हुए यदि हम यह शुरूआत अपने घर से ही शुरू करे तो सभी समस्याओं का निदान संभव है। घर में मां, बहिन, पत्नी, बेटी, बहु को उचित सम्मान मिलता है और वे खुश है तो स्वर्ग घर में ही मौजूद हैं। दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा यही संदेश देती हैं कि नारी में सभी गुण मौजूद है। यदि उसे उचित सम्मान और प्रोत्साहन दिया जाए तो वे समाज के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती है। इसलिए प्रत्येक नारी का उचित सम्मान करें यही संदेश है।

जयहिन्द। जय भारत

## सेवा भारती समिति ने 551 कन्याओं का पूजन किया और पंगत प्रसादी दी





परिष्कार पत्रिका जयपुर। सेवा भारती समिति केशव नगर, भाग 3 के तत्वावधान में केंद्रीय विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल कटेवा नगर में कन्या पूजन का कार्यक्रम आयोजित



किया गया। जिसमें केशवनगर की सेवा बस्ती बाबा रामद. व नगर, बृजलालपुरा, राजीव नगर, महेंद्रनगर, मोतीनगर, पार्वती नगर के कार्यकर्ता एवं बच्चों के अभिभावक ने कन्या पूजन किया। 551 कन्याओं का पूजन किया (661) कन्या व लांगूर ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। सभी बच्चों को सेवा भारती द्वारा गिफ्ट दी गई। 200 व्यक्तियों को दो ना प्रसादी वितरण की। 34 केशव नगर व भाग 3 के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। 45 पूजक बस्ती के उपस्थित रहे। बालकृष्ण झांझरिया (केशव नगर अध्यक्ष) अनिल कुमार (मंत्री केशव नगर) ने सभी का आभार प्रकट किया और सभी कन्याओं को शुभकामनाएं दी।


श्रद्धा सुमन

10वीं पुण्य तिथि

:: स्व. रामप्रसाद सोलंकी ::

(स्वर्गवास : 25 अक्टूबर 2013)

आपके आदर्श आपके संस्कार, आपका आशीर्वाद बनकर सदा हमारे जीवन का मार्गदर्शन करते रहेंगे



: श्रद्धानवत :

श्रीमती कांता सोलंकी (पत्नी), अनिल सोलंकी–प्रियंका सोलंकी (पुत्र–पुत्रवधु), समृद्धि सोलंकी, यशस्विनी सोलंकी (पौत्री) एवं समस्त सोलंकी परिवार एवं मित्रगण

307, रेडियंट पर्ल अपार्टमेंट, व्हाइटफील्ड, मारताहल्ली बंगलौर–560037 मो. 9945500285



राजस्थान सरकार से स्थाई मान्यता प्राप्त

प्रकाश विध्या निकेतन सी.सै. स्कूल

संकाय- विज्ञान, कला एवं वाणिज्य

[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक

[हिन्दी माध्यम]

प्रवेश प्रारंभ

विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।



सिद्धार्थ सिंह चौहान

194, शांति नगर, एनबीसी रोड़, जयपुर 302006
मोबाईल नं. 9352495768, 7665252481


### श्रीकृष्ण शर्मा, प्रबोध गोविल और फारूक आफरीदी को मिला साहित्यांचल सम्मान

## मूर्धन्य साहित्यकार श्रीकृष्ण शर्मा को राष्ट्रीय साहित्यांचल शिर सम्मान प्रबोध गोविल और फारूक आफरीदी भी हुए सम्मानित

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राष्ट्रभाषा की चेतना के लिए समर्पित शब्द संसार, जयपुर के अध्यक्ष, अनेक ग्रंथों के सम्पादक और भाषाविद श्री श्रीकृष्ण शर्मा को संगम विश्वविद्यालय, भीलवाड़ा और साहित्यांचल की ओर से सोमवार को उनकी साहित्यिक एवं राष्ट्रभाषा की सेवा के लिए बद्रीलाल सोनी स्मृति राष्ट्रीय साहित्यांचल शिखर सम्मान प्रदान किया गया।

सुप्रसिद्ध उद्यमी, साहित्यांचल के संरक्षक, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना, जिला विशिष्ट न्यायालय के न्यायाधीश शिवकुमार, राज. साहित्य अकादमी की संच. ालिका के सदस्य किशन दाधीच, संगम ग्रुप के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मोदानी, साहित्यांचल के संयोजक सत्यनारायण व्यास मधुप ने श्रीकृष्ण शर्मा को उनकी 21 मौलिक साहित्यिक कृतियों की रचना और 150 से अधिक ग्रंथों के सम्पादन, प्राक्कथन, पुरोवाक और भूमिका लेखन के साथ ही राष्ट्र भाषा हिन्दी की सुदीर्घ सेवाओं के लिए शॉल ओढाकर एवं श्रीफल और प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के साथ 11 हजार रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रतिष्ठि साहित्यकार संपादक प्रबोध कुमार गोविल को उनके अनेक उपन्यास और कथा संग्रहों



जैसे साहित्यिक योगदान और संपादन कार्य के लिए स्वरूपसिंह खमेसरा स्मृति राष्ट्रीय साहित्यांचल सम्मान दिया गया। इसी प्रकार जाने–माने व्यंग्यकार, कवि और प्रगतिशील लेखक संघ राजस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष फारूक आफरीदी को उनके समग्र साहित्यिक योगदान के लिए साहित्यांचल सृजन सम्मान दिया गया। इस अवसर पर देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार मौजूद थे। तीनों लेखकों को पूर्व में भी अनेक पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

### इण्डिया बनाम भारत विषय पर संगोष्ठी

## देश का नाम भारत बदलने से बेहतर हालत बदले जाएं

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुक्त मंच, जयपुर की 74वीं मासिक गोष्ठी परमहंस योगिनी डॉ. पुष्पलता गर्ग की अध्यक्षता में ''इण्डिया बनाम भारत'' विषय पर हुई। शब्द संसार के अध्यक्ष, वरिष्ठ साहित्यकार श्रीकृष्ण शर्मा ने संयोजन किया और आईएएस (रि.) अरुण ओझा मुख्य अतिथि थे। मुख्य अतिथि, आईएएस (रि.) अरुण ओझा ने कहा कि हमारा समाज सदैव समावेशी रहा है। हमारी समावेशी संस्कृति की प्रबलता रही है। यहां हूण, शक, मंगोल, मुगल, द्रविड़, आर्य आए और उनकी अनगिनत कलाकृतियां हैं। क्या हम उन्हें नष्ट कर देंगे। बंधुत्व भाव तभी रहेगा जब इंडिया और भारत दोनों नाम रहें। वी.सी. के माध्य से जुड़े प्रतिष्ठित विद्वान, डॉ. नरेन्द्र शर्मा 'कुसुम' ने कहा कि नाम को लेकर कवायद करना व्यर्थ है। उन्होंने ऐतिहासिक और साहित्यिक संदर्भों के साथ कहा कि फिर भी यदि भारत का नाम गुंजायमान हो तो अच्छा है। अध्यक्षीय उद्बोधन में परमहंस योगिनी डॉ. पुष्पलता गर्ग ने कहा कि भारत शब्द से ऊर्जा मिलती है। हमारी क्षमताओं का विस्तार होता है। हम इंडिया को नहीं स्वीकार कर सकते। कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर विशेषज्ञ दामोदर प्रसाद चिरानिया ने भारत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, गंगा नदी के उद्गम, आदि की चर्चा करते हुए कहा देश के करोड़ों लोग विश्वभर में बसे हुए हैं और इंडिया से ही उनकी पहचान है। इसलिए इंडिया शब्द से परहेज करना नुक्सानदायक ही होगा। भारत शब्द का प्रयोग उपयुक्त है। डॉ. जनकराज स्वामी ने कहा कि चाहे संवैधानिक संशोधन करना पड़े भारत नाम ही देश की पहचान बननी चाहिए। पूर्व बैंकर इन्द्र भंसाली ने कहा कि भारत के नाम पर यह राजनीतिक शिगूफा है। आईएएस (रि.) राम स्वरूप जाखड़ ने कहा कि देश या स्थान का नाम बदलना एक सनक है जिस पर करोड़ों रुपये बर्बाद कर दिए जाते हैं। नाम बदलने की सीमा भी तय होनी चाहिए कि कब तक कितने नाम बदलेंगे। युवा कवयित्री सावित्री रायजादा ने कहा कि भारत का नाम हमारी संस्कृति के अनुरूप है। लोकेश शर्मा ने कहा कि विश्वगुरू के रूप में भारत की प्रसिद्धि रही है



तो इंडिया को बनाये रखने की कोई आवश्यकता प्रतीत नहीं होती। आईएएस (रि.) अब्दुल रजाक पठान ने कहा कि इण्डिया को भारत बनाने की मंशा रखने वालों का एजेण्डा कुछ और रहा है। इस बहाने हिन्दू राष्ट्र की कल्पना को साकार करना चाहते हैं। हमारी संस्कृति समावेशी है जिसमें सभी धर्मों और विचारधाराओं के लोग सदियों से साथ रहते आए हैं। वरिष्ठ पत्रकार और प्रखर विचारक सुधांशु मिश्र ने कहा कि संविधान में परिभाषा स्पष्ट है कि इण्डिया यानि भारत है जिसमें कोई विवाद नहीं है। सदियों से यही परम्परा रही है तो अब इसमें संशय क्यों पैदा किया जा रहा है। परम विदुषी शालिनी शर्मा ने कहा कि पं. नेहरू ने ''डिस्कवरी ऑफ इण्डिया'' लिखकर हमारी मान्यता को सम्पुष्ट कर दिया है। प्रारम्भ में संयोजक श्रीकृष्ण शर्मा ने विषय परावर्तन करते हुए कहा कि संविधान में इण्डिया जो भारत है, उल्लेखित हैं। सभी लोग इसे जानते–पहचानते हैं। राष्ट्रगान में भारत भाग्य विधाता का उद्घोष है। सैंकड़ों पदों, संस्थाओं और योजनाओं के सथ इंडिया शब्द जुड़ा हुआ है। उन्हें बदलने से बेहतर है देश के हालात बदले जाएं। बैठक में प्रतिष्ठित व्यंग्यकार–कवि फारूक आफरीदी, यशवंत कोठारी, ललितकुमार शर्मा, अमर बहादुर, रायजादा, आर.सी. जैन, रमेश खण्डेलवाल, आर.के. शर्मा, डॉ. सुषमा शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। आईएएस (रि.) विष्णुलाल शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### ओउमानंदम् में दुर्गाष्टमी पर दैवीय शक्ति जागरण यज्ञ सम्पन्न

## मणिपुर इजरायल फिलीपींस में महिलाओं से बर्वरता अमानवीय हैवानियत की पुनरावृत्ति रोकने को संकल्पित होने का पर्व है दुर्गाष्टमी

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मातृ शक्ति रेव जयते कन्या पूजन मातृशक्ति जागरण एवं सम्मान के पर्व दुर्गाष्टमी का महत्व एकदेशीय नहीं सार्वदेशिक वैश्विक स्तर पर मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए है। उक्त कथन मानसरोवर के ओउमानंदम् में आर्य समाज जयपुर दक्षिण द्वारा दुर्गाष्टमी पर आयोजित दैवीय शक्ति जागरण यज्ञ को संबोधित करते हुए वैदिक चिंतक सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के अंतरंग सदस्य यशपाल यश ने व्यक्त किए। यश ने कहा कि मातृशक्ति नारी जाति के साथ बर्वरता अमानवीय हैवानियत शर्मशार करने वाली घटनाएं मणिपुर में हों चाहे इजरायल फिलीपींस में दुर्गाष्टमी इनकी पुनरावृत्ति रोकने हेतु संकल्पित होने का पर्व है। यश ने राजनीतिक स्वार्थ के लिए इन पर पर्दा डालने और परोक्षरूप से इन पर मौन रहने को घोर



आध्यात्मिक सांस्कृतिक अपराध वताया है। आर्य समाज जनता कालोनी के मंत्री ओ पी गुप्ता अधिशासी अभियंता महेन्दघसिंह धाकड मधु रानी ने दैवीय शक्ति जागरण और नारी नर की जननी हैं भावभरे भजन गीत कविता पघ्स्तुत की।

### नर्सिंग स्टूडेंट्स ने आमाश्रय सेवा धाम में मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के तहत चालीस विमंदितों को किया परीक्षण

## मन की अवस्था शारीरिक रोगों के रूप में उभरती है : यश





परिष्कार पत्रिका जयपुर। विश्व स्वास्थ्य संगठन की गाइड लाइन से चल रहे मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अन्तर्गत सैनी नर्सिंग कॉलेज स्टूडेंटस ने ओमाश्रय सेवा धाम में चालीस विमंदितों की लघु मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण ( एम एम एस ई) किया। ओउमाश्रय संचालक यशपाल यश ने बताया कि यंहा के वातावरण नियमित दिनचर्या सात्विक आहार प्रकृति के साथ योग यज्ञ प्रणायाम ध्यान उपासना से इनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हुआ है।यश ने कहा कि मनुष्य साईकोसोमेटिक मनोशरीरी है शरीर की अस्सी प्रतिशत बीमारियां मन में आए राग द्वेष घृणा काम क्रोध लोभ मोह अहंकार से होती हैं। कालेज प्रिंसीपल हितेश गौतम ने बताया कि इस अवसर पर निर्धारित तीस प्रश्नों द्वारा निजी जिंदगी आसपास तथा सामाजिक आध्यात्मिक परिवेश की इनकी जानकारी के स्तर का अध्ययन किया गया। इस अवसर पर सहायक प्राचार्य मनमीत सिंह बैंस के.के. सोनी, पवन कुमार राजीव चतुर्वेदी तथा तृतीय वर्ष के लगभग चालीस छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर ओमाश्रय की ओर डॉ गोवर्धन लाल गर्ग रचित वैदिक जीवन की झांकी पुस्तक भैंट की गई।

### सुविचार

खुद की तुलना किसी ओर से कभी ना करें। क्योंकि ईश्वर ने आपके जैसा किसी को भी नहीं बनाया।।


परिष्कार पत्रिका परिवार के सभी पाठकों को सहयोग के लिए हार्दिक शुभकामनाएं

आप सभी के परिवार में हर्षोल्लास और आनंद रहे ऐसी शुभ और मंगल कामनाओं के साथ।

सम्मानीय सदस्य एडवोकेट आकाश कुमार – चित्रकूट जयपुर, माईकल कैथलीनो–कैथलीनो आई फाउंडेशन, रामलाल पाराशर–निदेशक पाराशर स्कूल, सिद्धार्थ चौहान–प्रकाश विध्या निकेतन, विकास कुमार शर्मा–केन्द्रीय विद्या मंदिर एवं

परिष्कार पत्रिका परिवार


### वी–गार्ड एक्टिविटी के सीएसआर प्रोजेक्ट के अन्तर्गत स्टेम लर्निंग के द्वारा

## महात्मा गांधी विद्यालय मानसरोवर में मिनी साइंस सेंटर स्थापित



परिष्कार पत्रिका जयपुर। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम मानसरोवर जयपुर में वी–गार्ड एक्टिविटी के सीएसआर प्रोजेक्ट के अन्तर्गत स्टेम लर्निंग के द्वारा मिनी साइंस सेंटर स्थापित किया गया। विद्यालय की प्राधानाचार्या अनु चौधरी के नेतृत्व में लक्ष्मण सिंह सीनियर वरिष्ठ अध्यापक के द्वारा अभिप्रेरित करक इस लैब को स्थापित करवाया गया। इस लैब के द्वारा कक्षा 5 से 10 के विद्यार्थियों को वर्किंग मॉडल की सहायता से पढ़ने और



समझने में काफी मदद मिलेगी तथा विद्यार्थी मॉडल के माध्यम से अपने कांसेप्ट अच्छे तरीके से पूरा कर पाएंगे।

## नगर निगम ग्रेटर की टास्क फोर्स ने 41 किलो से भी अधिक प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक को किया जब्त

परिष्कार पत्रिका जयपुर। नगर निगम ग्रेटर द्वारा 01 जुलाई 2022 से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले दोषियों के विरूद्ध ग्रेटर क्षेत्र के सात जोनों में गठित टास्क फोर्स द्वारा शुक्रवार को निरीक्षण कर 236 से भी अधिक चालान काटे गये हैं तथा 41 किलों से भी अधिक प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक को जब्त किया गया हैं तथा 1लाख 06 हजार रूपये से भी अधिक जुर्माना राषि वसूल की गई। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त बाबूलाल गोयल ने बताया की भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय द्वारा 01 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक की वस्तुओं के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण,बिक्री और उपयोग को निषैध किया गया है। जिसकी अनुपालना में नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा 7 जोनों में टास्क फोर्स का गठन किया गया हैं। जिसके अन्तर्गत जोन उपायुक्त राजस्व अधिकारी, मुख्य सफाई निरीक्षक, वार्ड सफाई निरीक्षक, कांस्टेबल की टीम गठित की गई हैं। जिनके द्वारा दिन प्रतिदिन सब्जी मण्डी, फल मण्डी, रेस्टोरेंट, होटल इत्यादि स्थानों पर निरीक्षण किये जाते हैं तथा दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाती है। नगर निगम ग्रेटर की टीमों द्वारा शुक्रवार को 236 से भी अधिक चालान कर दोषियों से 1 लाख 6 हजार रूपयें से अधिक जुर्माना राशि वसूल की हैं। उन्होंने बताया की प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के संबंध में मैरिज गार्डन संचालकों, व्यापारिक मण्डल, स्कूल संचालक, स्ट्रीट वेण्डर, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा संच. ालकों व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ जन जागरूकता के लिए कार्यषालाएं भी आयोजित की गई। जिसमें प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की समझाईष की गई। गौरतलब हैं कि भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय द्वारा 01 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक की वस्तुओं के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग को निषेध किया गया है। जिसमें प्लास्टिक युक्त ईयर बडस, गुब्बारों के लिये प्लास्टिक की डंडियाँ, प्लास्टिक के झण्डे, कैन्डी स्टीक, आईसक्रीम की डंडियाँ, पॉलीस्टाइरीन की सजावटी सामग्री, मिठाई के डिब्बों के इर्द–गिर्द लपेटने अथवा पैक करने वाली फिल्में, 100 माईक्रोन से कम मौटाई वाले पी. वी.सी. बैनर सम्मिलित हैं।

## विराट नगर से जयसिंह धानका बहुजन पार्टी के उम्मीदवार



परिष्कार पत्रिका जयपुर। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से बहुजन पार्टी के उम्मीदवार जयसिंह धानका जयपुर में भगवान सिंह प्रदेश अध्यक्ष और सुरेन्द्र सिहं प्रदेश सचिव से मिले और पार्टी के प्रति अपनी निश्ठा जाहिर करते हुए बहुजन पार्टी से चुनाव लड़ने के लिए समाज के गणमान्य नागरिकों से साथ अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें टिकट का आश्वासन देते हुए जीत के लिए शुभकामनाएं दी

## सैशन कोर्ट ने अभियुक्त को जेल से मुक्त करने दिए आदेश

### भागचंद कुमावत एडवोकेट ने अभियुक्त की ओर से ममले की पैरवी की

परिष्कार पत्रिका जयपुर। जिला न्यायाधीश जयपुर अजीत कुमार ने घरेलू हिंसा के मामले पिंकी देवी बनाम हेमंत कुमार में पारित निर्णय 01.03.2021 में को पलटते हुए विचारण न्यायालय द्वारा पारित एकपक्षी निर्णय को दोबारा नंबर पर लेकर दोनों पक्षों को सुनकर प्रकरण का अंतिम निस्तारण चार माह में करने के आदेश दिए।

अभियुक्त हेमंत के अधिवक्ता अधिवक्ता भागचंद कुमावत ने कोर्ट में दलील दी की हेमंत कुमार के विरुद्ध विचारण न्यायालय द्वारा एकपक्षीय निर्णय विधिसंवत नहीं था तथा इसके पश्चात अमल में लाई गई कार्रवाई पर रोक लगाना न्याय उचित होगा, अधिवक्ता भागचंद कुमावत द्वारा



अपील में मुख्य आधार यह लिया गया कि डीवी एक्ट की धारा 12 का जो प्रार्थना पत्र पिंकी देवी ने न्यायालय के समक्ष पेश किया था उसकी जानकारी विपक्षी हेमंत को कभी भी नहीं हुई और ना ही उसे कोई नोटिस प्राप्त हुआ, विचरण न्यायालय द्वारा जारी नोटिस 7.1.2021 हेमंत की बहन आरती ने प्राप्त किए थे तथा नोटिस पर यह अंकित नहीं है कि प्राप्तकर्ता आरती अवयस्क है या वयस्क है तथा पिंकी देवी ने पेश प्रार्थना पत्र में उसकी उम्र का खुलासा नहीं किया था तथा कोर्ट ने यह भी माना की आरती अपने भाई के साथ रहती है यह भी स्पष्ट नहीं है। गौर करने वाली बात यह है कि विचारण न्यायालय द्वारा पारित निर्णय 4.3.2021 के मामले में हेमंत कुमार के खिलाफ घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 12 को स्वीकार करते हुए विवाहित पत्नी पिंकी और उसकी दोनों संतानों को कुल 7000 रुपए प्रति माह भरण पोषण दिए जाने का निर्णय पारित किया था तथा हेमंत कुमार द्वारा उक्त एक पक्षीय आदेश की पालन नहीं किए जाने पर वसूली कार्रवाई में 28.5.2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभीरक्षा में सेंट्रल जेल भेज दिया गया था।

# अपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवारों को अपराध की जानकारी करनी होगी सार्वजनिक

## समाचार पत्र व टीवी चौनल्स में तीन बार देनी होगी सूचना - मुख्य निर्वचान अधिकारी

### 10 नवबंर से 23 नवबंर 2023 तक 3 बार करना होगा प्रकाशन/प्रसारण

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा आम चुनाव 2023 के दौरान आपराधिक रिकार्ड वाले उम्मीदवारों और संबंधित राजनैतिक दलों को उम्मीदवार की आपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी 3 बार अलग– अलग तय समयावधि में समाचार पत्रों में प्रकाशित तथा टीवी चौनल्स में प्रसारित कराना होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सुप्रीमकोर्ट के आदेशों की अनुपालना में आयोग ने उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड (यदि कोई हो तो) के बारे में जानकारी प्रसारित करने के संबंध में दिशा–निर्देश जारी किये है। सभी राजनैतिक दलों को जिनके द्वारा आपराधिक पूर्वावृत रखने वाले व्यक्तियों को उम्मीदवार बनाया गया है, उन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नवीन प्रारूप सी–7 में ऐसे अभ्यर्थी के चयन से 48 घंटे के भीतर यह प्रकाशित करना होगा कि उनके द्वारा आपराधिक पूर्वावृत्त रखने वाले व्यक्ति को ही उम्मीदवार क्यों चुना गया है। उक्त प्रकाशन की सूचना ऐसे राजनैतिक दलों को प्रारूप सी–8 में 72 घंटे के भीतर भारत निर्वाचन आयोग को भी प्रेषित किया जाना आवश्यक होगा। आपराधिक मामलों के प्रचार–प्रसार के लिये उन्हें फॉर्म सी–1 व सी–2 के द्वारा राष्ट्रीय व स्थानीय समाचार पत्रों एवं टीवी चौनल्स में प्रसारित करवाना होगा।

अभ्यर्थी द्वारा भरे गए नामांकन पत्र में यदि स्वयं के संबंध में कोई आपराधिक मामला दर्ज होने की सूचना दी जाती है, तो अभ्यर्थी एवं संबंधित राजनीतिक दल को विहित प्रारूप में सूची के अनुसार जानकारी प्रकाशित व प्रसारित करवानी होगी। आयोग के अनुसार विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों में यदि किसी का आपराधिक रिकॉर्ड है, तो प्रथम प्रचार नामांकन वापसी की अवधि के प्रथम चार दिनों के भीतर, दूसरा प्रचार अगले पांच से 8 दिनों के बीच तथा तीसरा प्रचार 9 वें दिन से प्रचार अभियान के अंतिम दिन तक (मतदान दिवस से दोदिन पूर्व तक) विज्ञापन समाचार पत्रों व टीवी चौनल पर प्रकाशित, प्रसारित करने होंगे।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में चुनाव हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों को सी–1 एवं सी–2 प्रारूप में प्रकाशन की समयावधि इस प्रकार होगी।

1. प्रथम प्रकाशन दिनांक 10–11–2023 से दिनांक 13–11–2023 के बीच, 2. द्वितीय प्रकाशन दिनांक 14–11–2023 से दिनांक 17–11–2023 के बीच एवं 3. तृतीय प्रकाशन दिनाकं 18–11–2023 से चुनाव प्रचार की अंतिम तिथि तक (दिनांक 23–11–2023 तक)

ऐसे राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र जिनकी प्रसार संख्या 75 हजार प्रतिदिन हो तथा स्थानीय समाचार पत्र जिसकी प्रतिदिन 25 हजार प्रतियां प्रकाशित होती हो, में उक्त विहित सी–1 एवं सी–2 प्रारूप प्रकाशित करवाने होंगे। इसी प्रकार विभिन्न टीवी चौनल में भी इनका प्रसारण करवाना होगा, जिसकी समयावधि प्रातः 8 से रात्रि 10 बजे के बीच न्यूनतम 7 सैकंड के लिए की जानी आवश्यक होगी।

गुप्ता ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार फॉर्मेट सी–1 उम्मीदवारों के लिये होगा तथा सी–2 राजनीतिक दलों के लिए होगा। निर्धारित प्रपत्र के अनुसार पूरी जानक. ारी भरकर समाचार पत्रों व न्यूज चौनल पर प्रकाशित –प्रसारित करवाना होगा।

फॉर्मेट सी–1 उम्मीदवार के लिए होगा, जिसमें आपराधिक मामलों संबंधी घोषणा करते समय निम्न बातों का ध्यान रखना होगा–

1. उम्मीदवार के विरूद्ध लंबित आपराधिक मामलों से संबंधित विवरण मोटे अक्षरों में होगें,
2. समाचार पत्रों में सूचना न्यूनतम 12 फोंट के आकार में प्रकाशित कराई जाएगी,
3. प्रत्येक मामले के लिए विवरण अलग–अलग पंक्तियों में अलग–अलग दिया जाना चाहिए,
4. यदि कोई उम्मीदवार किसी दल विशेष के टिकट पर चुनाव लड़ रहा है, तो उसे अपने विरूद्ध लंबित आपराधिक मामलों के बारे में अपने दल को सूचना देनी अपेक्षित होगी,
5. जैसे ही आपराधिक मामलों के संबंध में घोषणा प्रकाशित हो जाती है, उम्मीदवार तत्काल इसकी सूचना रिटर्निंग अधिकारी को देंगे। इसके अतिरिक्त, निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 30 दिनों के भीतर वे निर्वाचन व्ययों के लेखा सहित फार्मेट सी–4 में मामलों के संबंध में घोषणा के प्रकाशन के बारे में एक रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

फॉर्मेट सी–2 के तहत राजनैतिक दलों द्वारा वेबसाइट्स, समाचार चौनलों तथा समाचार पत्रों में दल द्वारा खडे किये गए उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड के बारे में जानकारी देनी होगी। साथ ही राजनैतिक दल आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवारों से संबंधित सूचना दल की ऑफिसियल वेबसाइट के होमपेज पर डालने के लिए भी बाध्य होंगे।

## हरिदेव जोशी पत्रकारिता विवि में मिस और मिस्टर फ्रेशर कॉम्पिटिशन

# रतन गौरव और निखिल राज मिस्टर फ्रेशर तो सुषमा कुमारी और कनिष्का रानावत को मिस फ्रेशर का ताज

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** खासा कोठी स्थित हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को सृजन नाम से सुशोभित किया गया। बॉलीवुड थीम पर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। छात्रों ने फिल्म जगत के अलग–अलग किरदारों की वेशभूषा और बोलने का अंदाज अपने टैलेंट राउंड में दिखाया। बॉलीवुड संगीत की धूम के बीच स्टूडेंट्स ने माहौल बना दिया। गीत संगीत, डांस, रैंप वॉक और क्विज के साथ मिस और मिस्टर फ्रेशर कॉम्पिटिशन का भी आयोजन हुआ जिसमें कॉलेज में आए नए छात्र–छात्राओं को चुना गया और ताज पहनाए गए।

**मिस्टर मिस फ्रेशर प्रतियोगिता**

फ्रेशर्स पार्टी के बीच हुई रंगारंग मिस और मिस्टर फ्रेशर्स प्रतियोगिताओं में डॉ. रिचा यादव (विभागअध्यक्ष, मीडिया ऑर्गेनाइजेशन एडवरटाइजिंग एंड पब्लिक रिलेशंस), डॉ. अख्लाक अहमद उस्मानी (प्रोफेसर एच.जे.यू) और पुलकित भारद्वाज (एच.जे.यू के पहले स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष) ने स्टूडेंट्स की परफॉर्मेंस को देखकर उन्हें मिस एवं मिस्टर फ्रेशर्स के टाइटल से नवाजा।

बीए की मिस फ्रेशर कनिष्का रानावत तो निखिल राज मिस्टर फ्रेशर बने वहीं एमए के मिस्टर फ्रेशर रतन गौरव को एमए की सुषमा कुमारी को मिस फ्रेशर्स का ताज और



राजस्थानी साफा पहनाया गया। सृजन फ्रेशर्स पार्टी के मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त राष्ट्र निकायों और कई नागरिक समाज संगठनों के साथ मीडिया सलाहकार एक मीडिया और संचार एडवोकेसी एनजीओ लोक संवाद संस्थान को चलाने वाले कल्याण कोठारी ने कहा कि आज हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के फ्रेशर्स पार्टी के आयोजन में युवाओं के साथ कार्यक्रम का भाग बनने से वे खुद को युवा महसूस करते हैं। इसी के साथ उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# धानका जनजाति समाज समिति का 15वां धानका दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित







**परिष्कार पत्रिका।** धानका जनजाति समाज समिति दिल्ली के तत्वावधान में 15वां धानका दिवस व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9, 10, 11 व 12 कक्षा में अव्वल आए छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राधेश्याम मावर सहित सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया।

# ओम कृष्ण वर्मा ने डिस्ट्रिक लेवल ब्रॉंज मेडल जीता

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में डिस्ट्रिक लेवल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

इस टूर्नामेंट में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें शांतिनगर स्थित ए एस मेमोरियल स्कूल के ओम कृष्ण वर्मा ने ब्रॉज मैडल जीता। इसके लिए विद्यालय के निदेशक अंकित सिंह और पूनम गुप्ता सहित विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।



इस अवसर पर अंकित सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई के साथ साथ सम्पूर्ण सर्वांगीण विकास के लिए खेल भी जरूरी है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों में भाग लेना चाहिए।

## समर्पण संस्था ने देश भर से चयनित 57 विभूतियों को समर्पण समाज गौरव 2023 और 18 युवा प्रतिभाओं को " समर्पण युवा जाग्रति 2023 " अवॉर्ड से नवाजा

# महान व्यक्ति ही समाज में अच्छाई का विकास करते है : रवि प्रकाश मेहरड़ा




**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था की ओर से दुर्गापुरा स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित समर्पण समाज गौरव अवॉर्ड समारोह में देश भर से चयनित 57 विभूतियों को 15 श्रेणियों में समर्पण समाज गौरव 2023 और 18 युवा प्रतिभाओं को समर्पण युवा जाग्रति 2023 अवॉर्ड से समाज में उनके द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता कर रहे पुलिस महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरडा ने कहा कि महान व्यक्ति ही समाज में अच्छाई का विकास करते है। मानव का असली उद्देश्य मानवता ही है। मेहरडा कहा कि मानव हितार्थ किये गये कार्य ही समाज को गतिमान करते है और प्रकृति का यह नियम भी बिल्कुल सही है कि जो हम देते है वह लौटकर वापिस आता है।

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत समर्पण प्रार्थना के साथ की गई जिसे संस्था के कोषाध्यक्ष रामअवतार नागरवाल व सुवज्ञा माल्या ने उच्चारित करवाया। समर्पण संस्था की एक परिचयात्मक फिल्म (डॉक्यूमेंटरी) प्रदर्शित की गई, जिसमें संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों केबारे में विस्तृत जानकारी दी गई। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलतराम माल्या ने सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए संस्था की विचारधारा को विस्तृत रूप में बताया। समारोह में 15 श्रेणियों में दिए गए अवॉर्ड में मुख्य रूप से मरणोपरान्त स्व. डॉ. उदय चन्द बारूपाल को प्रेरक विभूति समर्पण समाज गौरव के साथ समाज सेवा में मदर टेरेसा समर्पण समाज गौरव भोपाल के शरद सिंह कुमरे को, शिक्षा के लिए डॉ. राधाकृष्णन समर्पण समाज गौरव जयपुर की डॉ. योगिता जोशी को, सामाजिक न्याय के लिए डॉ. अम्बेडकर समर्पण समाज गौरव चुरू के डॉ. प्रेम प्रकाश को, चिकित्सा में डॉ. विधान चन्द्र राय समर्पण समाज गौरव डॉ. आर.साँवरिया को, साहित्य में मुन्शी प्रेम चन्द समर्पण समाज गौरव सीमा वालिया को, शोध व आविष्कार में डॉ. अब्दुल कलाम समर्पण समाज गौरव गुजरात के डॉ. जनक सिंह मीना को, खेलकूद में मेजर ध्यानचंद समर्पण समाज गौरव दिनेशडाबी को, आध्यात्म में बाबा हरदेवसिंह समर्पण समाज गौरव डॉ. के.के. जोशी को, पर्यावरण में सुन्दर लाल बहुगुणा अवार्ड हरियाणा के डॉ. आचार्य रामकुमार बघेल को कला एवं संस्कृति में भूपेन हजारिका समर्पण समाज गौरव हरबंससिंह ग्रेवाल को, महिला सशक्तिकरण मे रानी लक्ष्मी बाई समर्पण समाज गौरव महाराष्ट्र की संगीता वसंतराव पड़ोले को, पत्रकारिता में कुलदीप नैयर समर्पण समाज गौरव उत्तम जैन को, बिजनेस में धीरूभाई अंबानी समर्पण समाजगौरव डॉ. राकेश के.सिंह को योग में महर्षि पतंजलि समर्पण समाज गौरव वसुधा राजावत को दिया गया।

समारोह में विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय बियानी (निदेशक, बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज), बनवारीलाल बैरवा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, ऑल इंडिया एससी/एसटी रेलवे एम्पलॉइज एसोसिएशन), जनाब मोहम्मद इकबाल खान (सीईओ, दी राजलक्ष्मी महिला अर्बन कॉआपरेटिव बैंक), मधुसूदन दाधीच (तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विशेषज्ञ, राजस्थान सरकार), आर.एस. बैरवा (सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग), प्रमोद कुमार गोयल (प्रबन्ध निदेशक, सफारी ग्रुप), बलवीर बंशीवाल (व्यवसायी, जे. के. पेट्रोलियम), डॉ. सुनिता दामिनी (समाज सेविका व व्यवसायी) उपस्थित रहे। इसी तरह डायमन्ड स्पोन्सर अतिथि प्रमोद चौरडिया जैन (संस्थापक अध्यक्ष, मानव मिलन संस्थान), मदन लाल वर्मा (भवन निर्माता, कृष्णा कन्स्ट्रक्शन कम्पनी व विशिष्ट सलाहकार, समर्पण संस्था), डॉ. राकेश कुमार सिंह, पुर्णिमा पाठक शर्मा, कमलेश बैरवा, एडवोकेट ओम प्रकाश वर्मा और गोल्ड स्पोन्सर अतिथि रिम्मु खण्डेलवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर कोरियोग्राफर रूपल बारूपाल व गहना बारूपाल द्वारा उन्हीं के निर्देशन में उनकी टीम के साथ एक राजस्थानी लोक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई तथा साथ ही लोक कलाकार देऊ खान मांगणीयार ने पधारो म्हारे देश..... की संगीतमय प्रस्तुति दी। मंच संचालन मीडिया व कला संस्कृतिकर्मी श्री गौरव शर्मा ने किया।

## दिनेश डाबी मेजर ध्यानचंद समर्पण समाज गौरव सम्मान से सम्मानित



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** समर्पण संस्थान के तत्वावधान में खेलकूद के क्षेत्र में अपना योगदान देने के लिए कोच दिनेश डाबी को मेजर ध्यानचंद समर्पण समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने उनका शॉल ओढ़ाकर, साफा पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर दिनेश डाबी ने समर्पण संस्था के सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया।

# श्यामनगर विकास समिति द्वारा भव्य दशहरा मेला का आयोजन

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** श्याम नगर विकास समिति द्वारा भव्य दशहरा मेले का आयोजन 24 अक्टूबर को किया जा रहा है। प्रेसिडेंट प्रदीप गुगलिया ने कहा मेले में लकी ड्रा द्वारा प्रथम पुरस्कार इलेक्ट्रिक स्कूटर, द्वितीय पुरस्कार 55 इंच टीवी तृतीय पुरस्कार रेफ्रीजिरेटर, वाशिंग मशीन, मिक्सर ग्राइंडर, इलेक्ट्रिक आयरन एवं अन्य आकर्षक पुरस्कार रखे गये हैं। 60 फिट रावण दहन किया जाएगा साथ में 45 मिनट आतिशबाजी भव्य, लाइव फूड शो, लाइव म्यूजिक सिंगर द्वारा, इस भव्य आयोजन में 10000 फ्री एंट्री पास दिये गये हैं। 15000 के आस पास लोगो के आने की सम्भावना हैं। पूरे मेले में बाउंसर द्वारा सिक्योरिटी एवं फॉर सेफ्टी डिवाइस हर स्टाल पर। मेले में रोड एवं द्रव्यवती नदीसे बिगस्क्रीन पर व्यू किया जाएगा। इस मेलेमें जेकेजे ज्वेलर्स पॉवर बाय, स्पॉन्सर्स एक्स लिफ्ट, चोर्डिया ग्रुप, विष्णु डिलाइट, को स्पान्सर कलर्स फॉर रेयर जेम्स, अरावली बाय नीखा, कोवर्किंग, हवाई घोड़ा, नियो क्लिनिक, मेडिनोवा, रूबी, के पी ऑटोमोबाईल्स, लोहिया ज्वैलर, दानपानी, स्प्रिंग जीरा रहेंगे।

श्याम नगर विकास समिति से प्रेसिडेंट प्रदीप गुगलिया ने कहा कि पूरी तरह से सिक्योरिटी, बाउंसर एवं पुलिस विभाग ट्रैफिक विभाग द्वारा व्यवस्था साधुवाद। श्याम नगर विकास समिति से प्रवीण बँटिया गोपाल नारायण माथुर, महेंद्र कुमार सिंघवी, महेश घिया, अक्षय कुमार जैन अरुण कुमार जजोदिया अरविंद खुराना चंद्रकांत जोशी दिलीप जैन गणपत



मेहता गिरधर भाला गोपाल नारायण मालपानी ज्योति कुमार माहेश्वरी ज्योति परीक कैलाश अग्रवाल कपिल अग्रवाल मनोज जैन मुकेश माथुर निर्मल गर्ग प्रवीण जैन राहुल भोजक संदीप लोढ़ा संतोष कुमार सचान सत्य नारायण मोदानी सुनीता भंडारी हर्शला मेहड़ा मोहित माथुर रमेश गुप्ता रोहित साबु शुभम् अग्रवाल सुरेंद्र नाहर ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




प्रवेश प्रारम्भ

सभी पाठकों एवं विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं

जगजीवन राम सेवा समिति द्वारा संचालित एवं संस्थापक स्व. नाथूलाल वर्मा द्वारा स्थापित

डॉ. अम्बेडकर सी. सै. विद्यालय

रजि. 99/78-79 कला एवं वाणिज्य वर्ग रवि शंकर वर्मा, प्राचार्य

11 फतेह टीबा, आदर्शनगर, जयपुर। फोन नं. 9460124510

Dr. Ambedkar Kids Play School
(An English Medium PG to IInd Class)
Admission Open
Conveyance Facility (Auto)
11, Fateha Tiba, Adarsh, Nagar, Jaipur - 302004

A.S. MEMORIAL Sec. School



Ankit Singh
Director

58, Shanti Nagar, N.B.C. Road
Jaipur-302006
Mob. 9549036888

Day Boarding
English Medium

Your Childs Journey to a Great Future begins here

Experience Teaching Staff, Spoken English Classes, Personality Development, Memory Tips, Study By Porjectors, Sparate Furniture for every Student, On every Saturday there are Activities, Classes of Yoga, Games of Spelling, Meaning and Interaction with all the Student in English Language, Hygienic and Friendly Environment for Students and Personal Attention is given, Big and Airy Classrooms, Conveyance Facility for every Area.

## सेंट जोसफ कांवेंट स्कूल में रावण मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल प्रताप नगर के प्रांगण में विजादशमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें रावण मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के चारों वर्ग लाल इंचार्ज गिरीश कारवानी, पीला इंचार्ज सुमिता शर्मा, हरा इंचार्ज प्रतिभा अग्रवाल, नीला इंचार्ज चंचल रानी द्वारा विभिन्न क्रियाकलापों एवं कलाकृतियों का सराहनीय प्रस्तुतीकरण एवं अवस्मरणीय योगदान दिया गया। इस अवसर पर रामायण का मंचन भी किया गया। मुख्य अतिथि डॉ सीमा पाराशर एवं स्थानीय पाषर्द मोतीलाल मीणा ने कार्यक्रम की सरहाना की और बुराई पर अच्छाई का संदेश दिया। निदेशक डॉ मुदित विलियमस ने बताया कि इसमें सभी वर्गों ने रावण दहन प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यार्थियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। रावण दहन प्रतियोगिता में सर्वसम्मती से लाल वर्ग इंचार्ज गिरिश कारवानी को विजयी घोषित किया। प्रचार्य डॉ एस डी शर्मा ने सफलता मिलने पर व्यक्ति को अहंकारी नहीं होने का संदेश दिया। कार्यक्रम का सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों ने आनंद उठाया।

## प्रतापसिंह खाचरियावास ने किया मोरवाल गारमेंट का उद्घाटन





**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** सोड़ाला स्थित फैशन और डिजायन के नए आउटलेट मोरवाल गारमेंट का उद्घाटन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने फीता काट कर किया। आउटलेट के प्रोपराइटर राजेश मोरवाल ने बताया कि न्यू सांगानेर रोड़ स्थित इस आउटलेट में उपभोक्ताओं को वाजिब रेट पर ब्रांडेड प्राईम क्वालिटी के प्रोडक्ट मिल सकेंगे। उद्घाटन के अवसर पर गणमान्य नगारिक और परिवारजन उपस्थित थे।



इस अवसर पर परिष्कार पत्रिका परिवार ओर से हेमलता किरार और डेंजिल नाजरथ ने शुभकानाएं दी।

## 67वीं राज्य स्तरीय छात्रा क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** 67वीं राज्य स्तरीय 17 व 19 वर्ष छात्रा क्रिकेट प्रतियोगिता में राजकीय बालिका उच्च मा विद्यालय झोटवाड़ा की अलिशा देहरान पुत्री विजय कुमार देराण ने भाग लिया और विजेता रहीं। कार्यक्रम में उन्हें ट्रॉफी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार और परिवारजनों ने शुभकामनाएं दी।

## ढूढांढ री ललकार ने मनाया 31वां स्थापना दिवस





**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** ढूढांढ़ री ललकार हिन्दी पाक्षिक के 31वें स्थापना दिवस के अवसर पर पिंकसिटी प्रेस क्लब में ढूढांढ़ रा गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

प्रकाशक अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि सम्मान के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोवर्धन बाढ़दार से.नि. न्यायाधीश राजस्थान उच्च न्यायालय थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेन्द्र पारीक पूर्व विधायक ने की।

उन्होंने बताया कि ढूढांढ़ री ललकार हिन्दी पाक्षिक का प्रकाशन पिछले 31 वर्षों से नियमित रूप से किया जा रहा है। स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे समाजसेवी और पत्रकारों का माला पहनाकर और शॉलओढाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पत्रकारिता और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए परिष्कार पत्रिका परिवार से हेमलता किरार को सम्मानित किया गया।

## रितेश राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में द्वितीय रहे



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** अजमेर में राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंम्पियनशिप में रितेश कुमार सोलंकी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके लिए आदर्श मिडिल स्कूल पाल बीचला अजमेर ने रितेश सोलंकी को द्वितीय स्थान पर आने के लिए विद्यालय परिवार की ओर से माला पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार की ओर से उर्मिला डाबी ने रितेश के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बहुत–बहुत शुभकामनाएं और बधाई दी।

## नवागन्तुक छात्राध्यापिकाओं का स्वागत समारोह

# जीवन में हर कठिनाई को अवसर के रूप में लें : कुलपति प्रो दूगड़





**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** लाडनूं जैन विश्वभारती संस्थान विश्वविद्यालय के शिक्षाविभाग में नवप्रवेशित छात्राध्यापिकाओं के स्वागत व परिचय के रूप में 'नव आगन्तुत स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ ने कहा कि जीवन की हर कठिनाई को एक अवसर की तरह लेना चाहिए, इससे जीवन में निरन्तर खुशी मिलती रहती है। जीवन में आने वाले प्रत्येक सुअवसर का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित करते हुए कुलपति ने अपने हुनर को निरन्तर परिष्कृत करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नवीनता ही सजीवता होती है। विचारों का उन्मेष एक तरह से पुनर्जन्म की तरह होता है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के विकास के लिए संस्थान द्वारा हर संभव प्रयास किया जाता है। यहां शैक्षिक उन्नयन के साथ नैतिक व चारित्रिक विकास का मार्ग भी प्रशस्त होता है। उन्होंने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गायन, वादन, सिलाईकला, पेंटिंग आदि कलाकृतियों का अवलोकन करते हुए उनकी सराहना की। आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रमुख विशेषताओं और उपलब्धियों के बारे में बताया।

विभागाध्यक्ष प्रो. बीएल जैन ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षण कार्य की व्यावसायिक कुशलताओं और व्यावहारिक गुणों, कौशल तथा मानवीयता का विकास करने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि सदैव आत्मविकास के लिए तत्पर रहना चाहिए। प्रो. रेखा तिवाड़ी ने सदैव मूल्यपरक सिद्धांतों को ग्रहण करते रहने के लिए प्रेरित किया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति**

कार्यक्रम में ऐश्वर्या सोनी व समूह ने वाद्ययंत्रों के साथ स्वागत–गान प्रस्तुत किया। उषा व समूह ने वाद्ययंत्रों के साथ नृत्य की प्रस्तुति दी। रेणु एवं समूह ने नृत्य व गायन प्रस्तुत किया। दिव्या कंवर ने भरतनाट्यम व दिव्या भास्कर पारीक ने योग के साथ नृत्य की प्रस्तुति दी तथा साथ ही गिटार वादन के साथ गीत पेश किया। इस अवसर पर डा. लिपि जैन, डा. विनोद कस्वां व डा. सरोज राय निर्णयक के रूप में रही। कार्यक्रम में डा. गिरधरीलाल शर्मा के निर्देशन में छात्राओं द्वारा निर्मित डोक्यूमेंटरी भी प्रदर्शित की गई। समारोह में सभी नवागन्तुत छात्राध्यापिकाओं ने अपना परिचय मंच पर आकर रैमप–वॉक के साथ प्रस्तुत किया।

अंत में डा. अमिता जैन व प्रमोद ओला ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन दिव्या भास्कर व आरती पारीक ने किया। डा. मनीष भटनागर, डज्ञ. विष्णु कुमार, डा. आभासिंह, डा. गिरीराज भोजक, डा. गिरधारीलाल, प्रमोद ओला, कुशाल जांगिड़ आदि संकाय सदस्य एवं समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं।

## डिस्को डांडिया के साथ दैवीयशक्ति जागरण हेतु संस्कारित परिवार निर्माण एवं मातृशक्ति सम्मानार्थ यश का प्रेरक उद्बोधन





**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** सांस्कृतिक संस्था वर्गों कन्या राशि) द्वारा शास्त्री नगर जयपुर के अभिनंदन सामुदायिक भवन में पूर्व पश्चिम संस्कृति का समन्वय दिखा। संस्था के संगठन मंत्री पवन सिंघल ने वताया कि जंहा डिस्को डांडिया नृत्य में छः से अधिक प्रतिभागिओं ने डी जे की धुन पर धमाल मचाई वंही मुख्य अतिथि वैदिक चिंतक यशपाल यश ने संस्कारित परिवार निर्माण, मातृशक्ति नारी सम्मान और दैवीय शक्तियों के जागरण का महत्व बताया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष रूपाली राव एवं इनकी टीम द्वारा मुख्य अतिथि समाज सेवी ओमाश्रय सेवा धाम संचालक यशपाल यश का स्वागत सम्मान एवं दीप प्रज्जवलन हुआ। यश ने अपने उद्बोधन में मातृशक्ति के सम्मान की महिमा बताते हुए कहा कि जंहा नारी सम्मान वहां देवताओं का निवास जंहा उपेक्षा तिरस्कार अपमान वंही अनवरत दुखों की खान रहती है। यश ने ऋग्वेद का उल्लेख करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से शारीरिक मानसिक और आत्मिक शक्ति शांति सद्भाव आनन्द संस्कार और संगठन मजबूत होता है कार्यक्रम में प्रतिभागियों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा के बीच कोषाध्यक्ष आशा झालानी एवं संगठन मंत्री पवन सिंघल के निर्णयानुसार सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया जिसमे सर्वश्रेष्ठ फीमेल डांसर का पुरुस्कार प्रीति उपाध्याय को एवं बेस्ट फीमेल ड्रेस का पुरुस्कार दीपिका गौड़ ने जीता। अन्य श्रेणियों में 6 और पुरुस्कार भी दिए गए। सूचना मंत्री सुनील जैन ने कार्यक्रम के उपरांत सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

# शारदीय नवरात्रा में गरबा की धूम

परिष्कार पत्रिका जयपुर। नवरात्रा के अवसर पर लर्निंग स्टेप स्कूल की ओर से बाल निवास में गरबा का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय परिवार के सदस्यों, छात्र–छात्राओं और अभिभावकों ने जमकर लफ्त उठाया इस अवसर पर अतिथि वार्ड पार्षद दशरथ सिंह और निदेशक अभीषेक गुप्ता ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने कार्यक्रम में विभिन्न स्टॉलों का आनंद लिया।



लर्निंग स्टेप स्कूल में निदेशक अभिषेक गुप्ता



लर्निंग स्पेट विद्यालय के गरबा आयोजन में अतिथि



चौधरी पब्लिक स्कूल में मनाया गरबा महोत्सव, बच्चों के लिए किए गए विशेश इंतजाम। विद्यालय के छात्र–छात्राओं और उनके अभिभावकों ने विभिन्न गीतों पर गरबा का आनंद लिया।



अभिव्यक्ति गरबा में थिरकते जयपुरवासी



अभिव्यक्ति गरबा में आनंद लेते सजे धजे जयपुरवासी



अभिव्यक्ति गरबा में विभिन्न मुद्रा में फोटो सेशन में

**परिष्कार पत्रिका समाचार पत्र**
में प्रकाशन के लिए
अपने क्षेत्र की खबर, संदेश, श्रद्धांजली, व्यक्तिगत परिचय, विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
**परिष्कार पत्रिका**
पंजीकृत कार्यालय : 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर
शाखा कार्यालय : शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 9314407796, 9351311820

**Sanjay Memorial Sr. Sec. School**
17, Janta Nagar, Sodala, Jaipur Reg. No. : 248/81
8852009000, 9828030755
Admission Open
Play Group to XIIth
[Hindi/ English Medium]



इमरान अली, निदेशक
विशेषताएं : विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश, विज्ञान कम्प्यूटर एवं गृह विज्ञान की विशेष प्रयोगशाला, बोर्ड कक्षाओं में अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तैयारी, सभी नए प्रवेश लेने वाली विद्यार्थियों के लिए फ्री यूनीफॉर्म, स्पोर्टस विद्यार्थियों एवं दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए फीस में विशेष छूट



राजेश वर्मा
प्रिंसिपल
हार्दिक शुभकामनाएं
**विजयलक्ष्मी सी. सै. स्कूल**
SAINT JOHN'S SCHOOL
Nursery to 6th
[अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम सहशैक्षणिक संस्था]
कला एवं वाणिज्य [कॉमर्स] संकाय
28-29, नटराज विहार कॉलोनी, सिरसी रोड, भांकरोटा, जयपुर मो. 9351552934

रजि नं. 259/2001
राजस्थान सरकार से स्थाई मान्यता प्राप्त
**जय मां सरस्वती विद्यापीठ सी.सै. स्कूल**
संकाय- कला एवं वाणिज्य [कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [हिन्दी माध्यम]]
JMS VIDHYAPEETH SR. SEC. SCHOOL
(An English Medium) Nur. to XII(Arts & Com.)
प्रवेश प्रारंभ 44, दुर्गा विस्तार कॉलोनी, रावल जी का बंधा, एनबीसी स्टाफ क्वाटर्स के पीछे, खातीपुरा रोड़, जयपुर -6
Ph. 0141-2225200, Mob. No. 9251467543, 9251467545
विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।

**पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज पब्लिक सी. सै. स्कूल**
प्रवेश प्रारम्भ
विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं, उचित वाहन सुविधा एवं खेल-कूद, साप्ताहिक बाल सभा, कम्प्यूटर शिक्षा प्राथमिक कक्षाओं से, समय समय पर अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी।



रामलाल पाराशर, निदेशक
17, पार्क व्यू कॉलोनी, एनबीसी स्टाफ क्वाटर्स के पीछे, खातीपुरा रोड़, जयपुर -6 राजस्थान
Mob. No. 9351451481, 7726857268

**प्रकाशन के लिए अपने संदेश, खबर भेजें या मेल करें -**
**संपादक,**
**परिष्कार पत्रिका,**
रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89, संतोषनगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06
मो. 9314407796
9351311820
parishkarpatrika@gmail.com

**LEARNING STEP SCHOOL**
Mr. Abhishek Gupta
Director
SEESION 2023-2024
On Ajmer Highway Road
Book Your Seat Now For CBSE School



PG to XII (CBSE AFFILIATED) Special Features :
Big Ground, Agriculture Garden, Staff Quarters, Students Hostel, Assembly Hall, Projector Room, Labs (Science/Maths/Computer)

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ ७६ करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 141-2450128/ 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार